# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रवेश–सूचना शैक्षणिक वर्ष–2025–2026

### कार्यालयीय-ज्ञाप (तिथि–वृद्धि)

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के प्रवेशार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूर्व निर्गत आदेश छा0क0सं0 पत्रांक –1422/2025 दिनांक – 05.10.2025 के क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित शास्त्री प्रथम समेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025–26 के कक्षाओं में तिथि विस्तारित की जाती है। प्रवेश समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही होगा। प्रवेशावेदनपत्र पूरित करने हेतु अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक निर्देश विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.ssvv.ac.in(Admission→collegeAdmissionPortal-2025-26→htts://ssvvadm.samarth.edu.in→New Registration) पर उपलब्ध है। प्रवेशावेदनपत्र भरने के पूर्व दिशा–निर्देशों को भलीभाँति पढ़ ले तथा प्रवेश निदर्शिका में वर्णित नियमों के अनुसार विषय की प्रविष्टियों का चयन करें। प्रवेश हेतु ऑनलाइन पद्धति से पेमेण्ट गेटवे के द्वारा शुल्क जमा करें। **शास्त्री प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए प्रवेश–समिति ने निर्णय लिया है कि जो प्रवेशार्थी 30.06.2025 को 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हो। ऐसे प्रवेशार्थी सत्र 2025–26 में शास्त्री प्रथम कक्षा में प्रवेश ले सकते है।**
**शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश की अन्तिम तिथि 15.11.2025 तक विस्तारित की जाती है।**

प्रवेश के इच्छुक छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि निर्धारित तिथियों तक प्रवेशावेदन पत्र पूरित कर लें। शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को अपना प्रवेशावेदनपत्र डाउनलोड करके अपने महाविद्यालय में जमा करे। शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर के कक्षाओं प्रवेश हेतु यह अन्तिम अवसर है इसके बाद कोई तिथि वृद्धि नही किया जायेगा।

इस पर मा0 कुलपति जी की स्वीकृति प्राप्त है।

**नोट** 1 – प्रवेश पंजीकरण हेतु शुल्क रू0 200/– देय होगा।

सहायक कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0, वाराणसी

छा0क0सं0 पत्रांक – 1455 /2025 दिनांक – 29.10.2025
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित –

1– कुलपति के सचिव, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2– समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3– मुख्य प्रतिपालक/विनयाधिकारी।
4– आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
5– संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालयों/प्रवेशार्थियों में समन्वय स्थापित करते हुए संगणक केन्द्र द्वारा हेल्प डेस्क के रूप में समस्याओं के निवारणार्थ एवं महाविद्यालय के कालेज लागिन पर और वि0वि0 के बेवसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करे।
6– जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करायें।
7– शाखा प्रबन्धक, इण्डियन बैंक (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक)सं.सं.वि.वि.,वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यक्रमानुसार यथाप्रयुक्त पंजीकरण एवं अन्य शुल्क का ऑनलाईन पेमेण्ट सिस्ठम (पेमेण्ट गेटवे) के माध्यम से जमा करने की व्यवस्था करने का कष्ट करें।
8– सम्बद्ध पत्रावली / समस्त सूचना पट्ट।

सहायक कुलसचिव
सं0सं0वि0वि0, वाराणसी